ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 27-01-2023

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2023-01-27 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2023-01-28	2023-01-29	2023-01-30	2023-01-31	2023-02-01
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	10.0	15.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	23.0	24.0	18.0	16.0	22.0
न्यूनतम तापमान(से.)	12.0	12.0	8.0	6.0	6.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	75	85	85	80
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	30	30	35	50	45
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	6.0	10.0	10.0	8.0
पवन दिशा (डिग्री)	270	110	140	140	300
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	1	7	4	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (20 - 26 जनवरी , 2022) में 10.7 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 20.0 से 28.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 6.4 से 12.6 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 86 से 97 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 24 से 69 प्रतिशत एवं हवा 0.3 से 6.1 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व, पूर्व-उत्तर-पूर्व, उत्तर व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चली| आगामी पांच दिनो में, 29 व 30 जनवरी को हल्की वर्षा होने ही सम्भावना है तथा शेष दिन मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 16.0-24.0 व 6.0-12.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-10.0 किमी/घंटे की गति से पश्चिम, पूर्व-दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पूर्व व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः 29, 30 जनवरी को कहीं-कहीं ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने और तेज बारिश आ सकती है।

सामान्य सलाहकार:

आगामी दिनों में मौसम पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए किसान भाईयों को सलाह दी जाती है कि वे सिंचाई और कीटनाशकों के उपयोग को स्थगित कर दें। पानी के ठहराव से बचने के लिए फसल के खेतों में पर्याप्त जल निकासी की व्यवस्था बनाये रखें। सरदी और वर्षा से बचाव के लिए पशुघर का प्रबंध ठीक से करें। आईएमडी मौसम पूर्वानुमान और आपके स्थान की कृषि मौसम संबंधी सलाह अब मेघदूत मोबाइल ऐप पर अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध है। कृपया निम्न लिंक से डाउनलोड करें: एंड्रॉ यड: https://play.google.com/store/apps/details?id=com.aas.meghdoot आईओएस: https://apps.apple.com/in/app/meghdoot/id1474048155

लघु संदेश सलाहकार:

29 व 30 जनवरी को हल्की वर्षा होने ही सम्भावना है। 29, 30 जनवरी को कहीं-कहीं पर ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली गिरने और तेज वर्षा की चेतावनी दी गई है।।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	मौसम पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए किसान भाई खेत में खड़े गेहूँ की फसल में दूसरी सिंचाई को अभी स्थगित कर दें। चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार की अधिकता होने पर दिसम्बर में बोई समय में बुवाई के 40-45 दिन बाद 2,4-डी0 के 500 ग्राम सक्रिय अवयव या मैटसल्फ़ूरान मिथाईल के 4 ग्राम या कारफेंट्राजान के 20 ग्राम का 500-600 लीटर पानी में घोल कर फ्लैट-फेन नोजल द्वारा छिड़काव प्रति हैक्टर की दर से मौसम साफ होने पर करें।
मसूर की दाल	चना व मसूर की फसल मे आवश्यकतानुसार एक सिंचाई फूल आने से पहले तथा दूसरी फली बनते समय करे लेकिन मौसम पूर्वानुमान व चेतावनी को देखते हुए किसान भाई खेत में सिंचाई को अभी स्थगित कर दें। चना व मसूर की फसल मे फूल बनते समय 2 प्रतिशत यूरिया के घोल का पर्णीय छिड़काव करे। प्रथम छिड़काव के 10-15 दिन बाद दूसरा छिड़काव करे। प्रति हैक्टर 600-700 लीटर पानी का प्रयोग करे। छिड़काव मौसम साफ होने पर करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	टमाटर पछेती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु मैनकोजेब 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 का 2.5 ग्राम/ली0 की दर से छिड़काव करे। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
आलू	आलू में पछेती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु मैनकोजेब 75 प्रतिशत डब्लू0पी0 का 2.5 ग्राम/ली0 की दर से छिड़काव करे। छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें।